पूर्व समय में इस समस्या की प्रायः अवहेलना होती रही, यद्यपि DDT (डाइक्लोरो डाइफिनाइल ट्राइक्लोरोएथेन) प्रतिरोधकता के पहले मामले की सूचना 1946 में ही प्राप्त हो गई थी। ऐसे अकशेरुकी जीवों की संख्या जिनमें प्रतिरोधकता का विकास हुआ है तथा ऐसे कीटनाशकों की संख्या जिनके विरुद्ध प्रतिरोधकता का विकास हुआ है, में घातांकी वृद्धि हुई है। संधिपाद कीटों के प्रत्येक कुल (जिनमें द्विपंखी जैसे कि मच्छर-मक्खियां तथा भुंग, शलभ, ततैया, पिस्सू, जूं और कुटकी सम्मिलित हैं) में और उनके साथ-साथ अपतृण तथा वनस्पति रोगाणुओं में प्रतिरोधकता दर्ज हुई है। कपास के शलभ कीट, एलाबामा पर्ण कृमि का ही उदाहरण लें। विश्व के एक या अधिक क्षेत्रों में उसमें ऐल्ड्रिन, DDT, डील्ड्रिन, ऐन्ड्रिन, लिन्डेन और टॉक्साफीन के प्रति प्रतिरोधकता विकसित हो गई है।

यदि रासायनिक कीटनाशक केवल समस्याओं के उत्प्रेरक होते – यदि उनका प्रयोग मूलतः और घोर रूप से अधारणीय होता – तब उनका व्यापक प्रयोग कब का बंद हो चुका होता। ऐसा नहीं हुआ। इसके विपरीत, उनकी उत्पादन दर तेजी से बढ़ी है। किसी कृषि-उत्पादक के लिए आज भी लागत-लाभ का अनुपात कीटनाशकों के प्रयोग के पक्ष में ही बना हुआ है। USA में कीटनाशकों से कृषि-उत्पादों को प्रति \$1 लागत मिलने वाला अनुमानित लाभ \$5 है।

इसके अतिरिक्त, बहुत से गरीब देशों में सन्निकट सामूहिक भुखमरी, अथवा जानपदिक रोग, के आसार इतने भयावह हैं कि कीटनाशक प्रयोग करने की सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी लागत की अवहेलना करनी पड़ती है। कीटनारशकों के प्रयोग को साधारणतया 'कितने जीवन बच सकें', 'खाद्य उत्पादन की आर्थिक-दक्षता' और 'कुल खाद्य उत्पादन' जैसे यथार्थ मापों के आधार पर न्यायसंगत ठहराया जाता है। इन बिल्कुल मूलभूत अर्थों में उनके प्रयोग को धारणीय माना जा सकता है। आचरण में, धारणीयता निरंतर ऐसे नए कीटनाशकों को विकसित करने पर निर्भर करती है जो कीटों से कम-से-कम एक कदम आगे रहें – ऐसे कीटनाशक जो अल्प स्थायी हों, जैवनिम्नीकरणीय (बायोडिग्रेडेबल) हों और कीटों पर अधिक सधा हुआ लक्ष्य बांध सकें।

**15. ''The evolution of pesticide resistance is natural selction in action.'' What does it actually imply ?**
**''कीटनाशक प्रतिरोधकता का विकास प्राकृतिक वरण की क्रिया है।'' इसका वास्तविक तात्पर्य क्या है?**

(a) It is very natural for many organisms to have pesticide resistance./बहुत से जीवों में कीटनाशक प्रतिरोधकता होना बिल्कुल प्राकृतिक है।

(b) Pesticide resistance among organisms is a universal phenomenon./जीवों में कीटनाशक प्रतिरोधकता होना एक विश्वव्यापी तथ्य है।

(c) Some individuals in any given population show resistance after the application of pesticides.
कीटनाशकों के प्रयोग के पश्चात् किसी एक आबादी में कुछ जीव प्रतिरोधकता दर्शाते हैं।

(d) None of the statements (a), (b) and (c) given above is correct./उपर्युक्त (a), (b) तथा (c) में से कोई भी कथन सही नहीं है।

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – कीटनाशक प्रतिरोधकता का विकास 'प्राकृतिक वरण की क्रिया है।' इससे तात्पर्य एक या कुछ कीट असामान्य रूप से प्रतिरोधी हो सकते हैं। यदि कीटनाशक का बार-बार प्रयोग किया जाता है तो हर आने वाली पीढ़ी में प्रतिरोधी कीटों का अनुपात बढ़ता जाता है।

**16. With reference to the passage consider the following statements :/परिच्छेद के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. Use of chemical pesticides has become inperative in all the poor countries of the world.
विश्व के सभी गरीब देशों में रासायनिक कीटनाशकों का प्रयोग अनिवार्य हो गया है।
2. Chemical pesticides should not have any role in sustainable agriculture./रासायनिक कीटनाशकों की धारणीय कृषि में कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए।
3. One pest can develop resistance to many pesticides./एक कीट बहुत से कीटनाशकों के प्रति प्रतिरोधकता विकसित कर सकता है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 and 2 only / केवल 1 और 2
(b) 3 only/ केवल 3
(c) 1 and 3 only/ केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – कीटों की अंतर प्रजनन दर बहुत अधिक है, अतः पीढ़ी के कुछ कीट अपनी अगली पीढ़ी में सैकड़ों या हजारों कीटों को जन्म दे सकते हैं और इससे कीटों की आबादी में प्रतिरोधकता बहुत तेजी से फैल जाती है। अर्थात् एक कीट बहुत से कीटनाशकों के प्रति प्रतिरोधकता विकसित कर सकता है।

**17. Though the problems associated with the use of chemical pesticides is ksnown for a long time. Their widespread use has not waned. Why ?**
**यद्यपि रासायनिक कीटनाशकों के प्रयोग से सम्बद्ध समस्याएं लंबे समय से जानी जाती रही हैं, तथापि उनका व्यापक प्रयोग समय के साथ कम नहीं हुआ है। क्यों ?**

(a) Alternatives to chemical pesticides do not exist at all.
रासायनिक कीटनाशकों के कोई विकल्प विद्यमान नहीं हैं।

(b) New pesticides are not invented at all.
नए कीटनाशकों का आविष्कार ही नहीं होता।

(c) Pesticides are biodegradable.
कीटनाशक जैवनिम्नीकरणीय (बायोडिग्रेडेबल) होते हैं।

(d) None of the statements (a), (b) and (c) given above is correct./उपर्युक्त (a), (b) तथा (c) में से कोई भी कथन सही नहीं है।

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – दिये गये कथनों में कोई भी सही नहीं है। कीटनाशक जैव निम्नीकरणीय (बायोडिग्रेडेबल) हो और कीटों पर अधिक सधा हुआ लक्ष्य बाँध सके। इस प्रकार के कीटनाशकों के धारणीय कीटनाशकों को विकसित करने पर जोर दिया गया है।

**18. How do pesticides act as agents for the selction of resistant individuals in anys pest population ?**
**कीटनाशक किसी कीट आबादी में प्रतिरोधक जीवों के वरण के अभिकर्ता के रूप में कैसे कार्य करते हैं?**

1. It is possible that in a pest population the individuals will behave differently due to their genetic makeup.
संभव है कि किसी कीट आबादी में कुछ विशिष्ट कीटों का व्यवहार उनकी अपनी आनुवंशिक (जैनेटिक) संरचना के कारण दूसरों से भिन्न होता है।
2. Pests do possess the ability to detoxify the pesticides./कीटों में कीटनाशकों को निराविषकारी बना सकने का समर्थ्य होता है।
3. Evolution of pesticide resistance is equally distributed in pest population./कीटनाशक प्रतिरोधकता का विकास कीट आबादी में समान रूप से वितरित होता है।



yep

**Which of the statements given above is/are correct ?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 1 and 2 only / केवल 1 और 2
(c) 3 only / केवल 3
(d) 1, 2 and 3/ 1, 2 और 3

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – कीटनाशक किसी कीट आबादी में प्रतिरोधक जीवों के वरण के अभिकर्ता के रूप में संभव है। किसी कीट आबादी में कुछ विशिष्ट कीटों का व्यवहार उनकी अपनी आनुवंशिक (जैनेटिक) संरचना के कारण दूसरों से भिन्न होता है। किसी कृषि उत्पादक के लिए आज भी लागत-लाभ का अनुपात कीटनाशकों के प्रयोग के पक्ष में ही बना हुआ है। कीटों में ऐसा एंजाइम होता है जो कीटनाशक को निराविषकारी बना सकता है।

**19. Why is the use of chemical pesticides generally justified by giving the examples of poor and developing countries ?**
**रासायनिक कीटनाशकों के प्रयोग को सामान्यतः गरीब और विकासशील देशों का उदाहरण देकर न्यायसंगत क्यों ठहराया जाता है?**

1. Developed countries can afford to do away with use of pesticides by adapting to organice farming, but it is imperative for poor and developing countries to use chemical pesticides.
   विकसित देश जैव-कृषि का अनुकूलन कर कीटनाशकों के प्रयोग से मुक्त होने का सामर्थ्य रखते हैं, किंतु गरीब और विकासशील देशों के लिए रासायनिक कीटनाशक का प्रयोग अनिवार्य है।
2. In poor and developing countries, the pesticides addresses the problem of epidemic diseases of crops and eases the food problem.
   गरीब और विकासशील देशों में, कीटनाशकों के प्रयोग से फसलों के जानपदिक रोगों की समस्या का समाधान हो जाता है और खाद्य समस्या कुछ हद तक दूर की जा सकती है।
3. The social and health costs of pesticide use are generally ignored in poor and developing countries./गरीब और विकासशील देशों में प्रायः कीटनाशक प्रयोग करने की सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी लागत की अवहेलना कर दी जाती है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

(a) 1 only/ केवल 1
(b) 1 and 2 only / केवल 1 और 2
(c) 2 only / केवल 2
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर– (c)**

**व्याख्या**–गरीब और विकासशील देशों में, कीटनाशकों के प्रयोग से फसलों में जानपदिक रोगों की समस्या का समाधान हो जाता है और खाद्य समस्या कुछ हद तक दूर की जा सकती है। इसीलिए रासायनिक कीटनाशकों के प्रयोग को सामान्यतः गरीब और विकासशील देशों का उदाहरण देकर न्यायसंगत ठहराया जाता है।

**20. What does the passage imply ?**
**इस परिच्छेद का क्या तात्पर्य है?**

(a) Alternative options tochemical pesticides should be promoted.
रासायनिक कीटनाशकों के विकल्पों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।
(b) Too much use sof chemicals is not good for the ecosystem.
रसायनों का अत्यधिक प्रयोग पारिस्थितिक-तंत्र के लिए अच्छा नहीं है।
(c) There is no scope sfor the improvement of pesticides and making their suse sustainable.
कीटनाशकों में सुधार और उनके प्रयोग को धारणीय बनाने की कोई गुंजाइश नहीं है।
(d) Both the statements (a) and (b) above are correct.
उपर्युक्त कथन (a) तथा (b) दोनों सही हैं।

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – इस परिच्छेद का तात्पर्य रसायनों का अत्यधिक प्रयोग पारिस्थितिकीय तंत्र के लिए अच्छा नहीं है तथा रासायनिक कीटनाशकों के विकल्पों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

## Passage-3

Today's developing economies use much less energy per capita than developed countries such as the United States did at similar incomes, showing the potential for lower-carbon growth. Adaptation and mitigation need to be integrated into a climate-smart development strategy that increases resilience, reduces the threat of further global warming, and improves development outcomes. Adaptation and mitigation measures can advance development, and prosperity can raise incomes and foster better institutions. A healthier population living in better-built houses and with access to bank loans and social security is better equipped to deal with a changing climate and its consequences. Advancing robust, resilient development policies that promote adaptation is needed today because changes in the climate, already begun, will increase even in the short term.

The spread of economic prosperity has always been intertwined with adaptation to changing ecological conditions. But as growth has altered the environment and as environmental change has accelerated, sustaining growth and adaptability demands greater capacity to understand out environment generate new adaptive technologies and practices and diffuse them widely. As economic historian have explained, much of humankind's creative potential has been directed at adapting to the changing world. But adaptation cannot cope with all the impacts related to climate change's especially as larger changes unfold in the long terms.

Countries cannot grow out of harm's way fast enough to match the changing climates. And some growth strategies. Whether driven by the government or the market, can also add to vulnerability-

Particularly if the overexploit natural resources. Under the Soviet development plan, irrigated cotton cultivation expanded in water-stressed Central Asia and led to the near disappearance of the Aral Sea, threatening the livelihoods of fishermen, herders and farmers. And clearing mangroves-the natural coastal buffers against storm surges- to make way for intensive farming or housing development, increases the physical vulnerability of coastal settlements, whether in Guinea or in Louisiana.

## परिच्छेद–3

अमेरिका जैसे विकसित देशों के बीते समय की आय के स्तर पर वर्तमान विकासशील अर्थव्यवस्थाएं प्रति व्यक्ति कहीं कम ऊर्जा की खपत कर रही हैं, जिससे यह संभावना प्रबल होती है कि कार्बन-वृद्धि पर अंकुश रखते हुए भी विकास किया जा सकता है। एक ऐसी जलवायु-अनुकूल विकास रणनीति बनाने की आवश्यकता है जिसमें अनुकूलनशीलता तथा अल्पीकरण समन्वित हों और समुत्थानशक्ति का विकास हो, वैश्विक तापन के गहराते संकट की आशंका में कमी हो और विकास परिणाम में सुधार लाया जा सके। अनुकूलनशीलता तथा अल्पीकरण उपाय अपनाने से विकास को बढ़ावा मिल सकता है, और आर्थिक समृद्धता आने से आय बढ़ सकती हैं और बेहतर संस्थाओं को प्रोत्साहन दिया जा सकता है। बेहतर निर्मित घरों में रह रही एक स्वस्थ जनसंख्या जिसे सामाजिक सुरक्षा और बैंक ऋण लेने की सुविधा प्राप्त है बदलती जलवायु और उसके प्रभावों से निपटने के लिए बेहतर सज्जित होती है। आज समुत्थानशील संतुलित विकास नीतियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है जो अनुकूलनशीलता को प्रोत्साहित करें क्योंकि प्रारंभ हो चुके जलवायु परिवर्तन अल्प अवधि में ही बढ़ने वाले हैं।

आर्थिक समृद्धता का प्रसार सदा से परिवर्तनशील पारिस्थितिकीय परिस्थितियों के साथ अनुकूलनशीलता से गुथा रहा है। किन्तु वृद्धि ने जैसे-जैसे पर्यावरण को परिवर्तित किया है और पर्यावरणीय परिवर्तन जैसे-जैसे त्वरित हुआ है, वृद्धि और अनुकूलनशीलता को कायम रखने के लिए हमारे पर्यावरण को समझने की बेहतर क्षमता तथा नई अनुकूलनशील प्रौद्योगिकियां और आचरण विकसित करने और उन्हें व्यापक रूप से विसरित करने की आवश्यकता है। जैसे कि आर्थिक इतिहासकारों ने व्याख्या की है, मनुष्य जाति की अधिकांश सृजनात्मक अंतःशक्ति परिवर्तनशील दुनिया के प्रति अनुकूलनशील बने रहने की ओर उन्मुख रही है। किंतु यह अनुकूलनशीलता जलवायु परिवर्तन के सभी संघातों का सामना करने में समर्थ नहीं है, विशेषकर जब दीर्घ अवधि में अधिक विस्तृत परिवर्तन सामने आएंगे।

देश इस परिवर्तनशील जलवायु से सामंजस्य रखते हुए उतनी तेजी से इस क्षति के मार्ग से मुक्त नहीं हो सकते। वृद्धि की कुछ रणनीतियां, चाहे वे सरकार या बाजार द्वारा संचालित हों, भी इस भेद्यता को बढ़ा सकती हैं, विशेषकर यदि वे प्राकृतिक संसाधनों का अतिशोषण करती हैं। सोवियत विकास योजना के अंतर्गत सिंचित कपास की खेती का विस्तार अल्प जलधारी मध्य एशिया में किया गया जिससे अरल सागर लुप्तप्राय हो गया, और मछुआरों, पशुपालकों और कृषकों की आजीविका संकट में पड़ गई। इसी प्रकार मैंग्रोव, जो तूफानी लहरों के विरुद्ध प्राकृतिक तटीय प्रतिरोधक हैं, का गहन कृषि या आवासीय विकास के लिए प्रयोग में लाना, तटीय बस्तियों की भौतिक भेद्यता को बढ़ाता है, फिर चाहे यह गिनी में या लूसियाना में हो।

**21. Which of the following conditions of growth can add to vulnerability ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी वृद्धि की परिस्थितियाँ भेद्यता बढ़ा सकती हैं?**

1. When the growth occurs due to excussive explotation of mineral resources and forests.
   जब वृद्धि के लिए खनिज संसाधनों और जंगलों का अतिशोषण होता है।
2. When the growth brings about a change in humankind's creative potential
   जब वृद्धि मानव जाति की सृजनात्मक अंतःशक्ति में परिवर्तन लाती है।
3. When the growth is envisaged onlys for providing houses and social securitys to the people.
   जब वृद्धि की सोच केवल लोगों को आवास और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने तक सीमित होती है।
4. When the growth occurs due to emphasis on farming only.
   जब वृद्धि केवल कृषि पर जोर देने से मूर्त होती है।

**Select the correct answer using the code given below.**
**नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 2, 3 and 4 only/केवल 2, 3 और 4
(c) 1 and 4 only / केवल 1 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4 only / 1, 2, 3 और 4

**उत्तर**– (a)

**व्याख्या** – वृद्धि की कुछ रणनीतियाँ, चाहे वे सरकार या बाजार द्वारा संचालित हों, भी इस भेद्यता को बढ़ा सकती है, विशेषकर यदि वे प्राकृतिक संसाधनों का अतिशोषण करती हैं। इसलिए जब वृद्धि के लिए खनिज संसाधनों एवं जंगलों का अतिशोषण होता है तब भेद्यता बढ़ सकती हैं।

**22. What does low-carbon growth imply in the present context?**
**वर्तमान संदर्भ में निम्न कार्बन-वृद्धि का तात्पर्य क्या है?**

1. More emphasis on the use of renewable sources of energy.
   ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों के उपयोग पर अधिक बल देना।
2. Less empshasis on manufacturing sector and more emphasis on agriculture sector.
   विनिर्माण क्षेत्र पर कम बल देकर कृषि के क्षेत्र पर अधिक बल देना।
3. Switching over from monsoculture practices to mixed farming.
   एकसस्यन पद्धति को त्याग कर मिश्रित कृषि अपनाना।
4. Less demand for goods and service
   वस्तुओं और सेवाओं की माँग में कमी लाना।


yep

**Select the correct answer using the codes given below.**
**नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 2, 3 and 4 / केवल 2, 3 और 4
(c) 1 and 4 only /केवल 1 और 4
(d) None of the above implies low carbon growth
उपर्युक्त में से कोई भी निम्न कार्बन-वृद्धि का द्योतक नहीं है।

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – परिच्छेद के पहले पैराग्राफ को पढ़ने से स्पष्टतः ज्ञात होता है कि वर्तमान संदर्भ में निम्न कार्बन वृद्धि का तात्पर्य ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों के उपयोग पर अधिक बल देना है।

**23. Which of the following conditions is/are necessary for sustainable econosmics growth ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी परिस्थिति/परिस्थितियाँ धारणीय आर्थिक विकास के लिए अनिवार्य है/हैं?**

1. Spreading of econsomsic prosperity more.
आर्थिक समृद्धता का व्यापक प्रसार।
2. Popularising/spreading of adaptive technologies widely/अनुकूलनशील प्रौद्योगिकियों का व्यापक प्रसार/लोकप्रियकरण।
3. Investing on research in adaptation and mitigation technologies./अनुकूलनशील तथा अल्पीकरणशील प्रौद्योगिकियों के शोध में निवेश।

**Select the correct answer using the codes given below**
**नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only/ केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/ केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – ''अनुकूलनशीलता तथा अल्पीकरण उपाय अपनाने से विकास को बढ़ावा मिल सकता है और आर्थिक समृद्धि आने से आय बढ़ सकती है तथा बेहतर संस्थाओं को प्रोत्साहन दिया जा सकता है।''
''वृद्धि और अनुकूलनशीलता को कायम रखने के लिए हमारे पर्यावरण को समझने की बेहतर क्षमता तथा नई अनुकूलनशील प्रौद्योगिकियों और आचरण विकसित करने व उन्हें व्यापक रूप से विसरित करने की आवश्यकता है।''
परिच्छेद के उक्त अंशों से प्रमाणित होता है कि प्रश्न के संदर्भ विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

**24. Which of the following inferences can be made from the passage?/इस परिच्छेद से निम्नलिखित में से क्या निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं?**

1. Rainfed crops should not be cultivated in irrigated areas./सिंचित क्षेत्रों में वर्षा-प्रधान फसलों की खेती नहीं की जानी चाहिए।
2. Farming under water-deflcient areas should not be a part of development strategy.
जल-अभाव क्षेत्रों में खेती करना विकास रणनीति का अंग नहीं होना चाहिए।

**Select the correct answer using the codes given below :**
**नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only/ केवल 1
(b) 2 only/ केवल 2
(c) Both 1 and 2 / 1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2 / न तो 1, न ही 2

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – परिच्छेद के संदर्भ में दिए गए दोनों निष्कर्ष अवैध हैं। इनके संदर्भ में परिच्छेद में कुछ भी नहीं कहा गया है।

**25. Consider the following assumptions :**
**निम्नलिखित मान्यताओं पर विचार कीजिए :**

1. Sustainable economic growth demands the use of creative potential of man.
धारणीय आर्थिक विकास के लिए मनुष्य की सृजनात्मक अंतः शक्ति के प्रयोग की आवश्यकता है।
2. Intensive agriculture can lead to ecological backlash./गहन कृषि से परिस्थितिकीय प्रतिक्षेप (बैकलैश) हो सकता है।
3. Spread of economic prosperitys can adversely affect the ecology and environment.
आर्थिक समृद्धि का प्रसार पारिस्थितिकी तथा पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

**With reference to the passage, which of the above assumptions is/ are valid?**
**प्रस्तुत परिच्छेद के संदर्भ में, कौन-सी उपर्युक्त मान्यता/मान्यताएँ वैध है/हैं?**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 2 and 3 only / केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 olnly / केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – आर्थिक समृद्धता का प्रसार सदा से परिवर्तनशील पारिस्थितिकीय परिस्थितियों के साथ अनुकूलनशीलता से गुथा रहा है। धारणीय आर्थिक विकास के लिए मनुष्य की सृजनात्मक अंतःशक्ति के प्रयोग की आवश्यकता है। देश इस परिवर्तनशील जलवायु से सामंजस्य रखते हुए उतनी तेजी से इस क्षति के मार्ग से मुक्त नहीं हो सकते हैं। वृद्धि की कुछ रणनीतियां, चाहे वे सरकार या बाजार द्वारा संचालित हों, भी इस भेद्यता को बढ़ा सकती हैं। विशेषकर यदि वे प्राकृतिक संसाधनों का अतिशोषण करती हैं।

**26. Which one of the following statements constitutes the central theme of this passage ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस परिच्छेद का मूल विषय इंगित करता है?**

(a) Countries with greater economic prosperity are better equipped to deal with the consequences of climate change.
आर्थिक रूप से अधिक समृद्ध देश जलवायु परिवर्तन के परिणामों से निपटने के लिए बेहतर सुसज्जित हैं।
(b) Adaptation and mitigation should be integrated with development strategies.
अनुकूलनशीलता तथा अल्पीकरण को विकास रणनीतियों में समन्वित होना चाहिए।

(c) Rapid economic growth should not be pursued by both developed and developing economies.
विकसित और विकासशील दोनों ही प्रकार की अर्थव्यवस्थाओं को तीव्र आर्थिक विकास के पीछे नहीं पड़ना चाहिए।

(d) Some countries resort to over exploitation of natural resources for the sake of rapid development.
कुछ देश तीव्र विकास की तलाश में प्राकृतिक संसाधनों के अतिशोषण का सहारा लेते हैं।

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – एक ऐसी जलवायु विषयक रणनीति बनाने की आवश्यकता है जिसमें अनुकूलनशीलता तथा अल्पीकरण समन्वित हो और उससे समुत्थान शक्ति का विकास हो, वैश्विक तपन के गहराते संकट की आशंका में कमी हो और विकास परिणाम में सुधार लाया जा सके।

**Directions for the following 11 (eleven) items :**
**निम्नलिखित 11 (ग्यारह) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :**

**Read the following three passages and answer the items that follow each passage. Your answers to these items should be based on the passages only.**
**निम्नलिखित तीन परिच्छेदों को पढ़िए और उसके उपरांत प्रत्येक परिच्छेद के आधार पर दिए गए प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए। इन प्रश्नांशों के आपके उत्तर केवल परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिए।**

## Passage-1

Invasions of exotic species into new geographic areas sometimes occur naturally and without human agency. However, human actions have increased this trickle to a flood. Human-caused introductions may occur either accidentally as a consequence of human transport, or intentionally but illegally to serve some private purpose or legitimately to procure some hoped-for public benefit by bringing a pest under control. Producing new agricultural products or providing noval recreational opportunities. Many introduced species are assimilated into communities without much obvious effect. However, some have been responsible for dramatic changes to native species and natural communities. For example, the accidental introduction of the brown tree snake ***Bioga irregularies*** into Guam, an island in the Pacific, has through nest predation reduced 10 endemic forest bird species to the point of extinction.

One of the major reasons for the world's great biodiversity is the occurrence of centers of endemism so that similar habitats in different parts of the world are occupied by different groups of species that happen to have evolved there. If every species naturally had access to everywhere on the globe, we might expect a relatively small number of successful species to become dominant in each biome. The extents to which this homogenization can happen naturally is restricted by the limited powers of dispersal of most species in the face of the physical barriers that exist to dispersal. By virtue of the transport opportunities offered by humans, these barriers have been breached by an ever-increasing number of exotic species. The effects of introductions have been to convert a hugely diverse range of local community compositions into something much more homogeneous.

It would be wrong, however, to conclude that introducing species to a region will inevitably cause a decline in species richness there. For example, there are numerous species of plants, invertebrates and vertebrates found in continental Europe but absent from the British Isles (many because they have so far failed to recolonize after the last glaciations). Their introduction would be likely to segment British biodiversity. The significant detrimental effect noted above arises where aggressive species provide a noval challenge to endemic biotas. ill – equipped to deal with them.

## परिच्छेद–1

नए भौगोलिक क्षेत्रों में कभी-कभी मानव हस्तक्षेप के बिना ही विदेशज जातियों का प्राकृतिक रूप से संक्रमण हो जाता है। तथापि मानव क्रिया-कलापों ने इसे अल्प से वृहद् संक्रमण में परिवर्तित कर दिया है। मानव-जनित यह प्रवेश या तो मनुष्य के अप्रत्याशित आवागमन से, अथवा समझ-बूझ कर अवैधानिक रूप से किसी व्यक्तिगत उद्देश्य की पूर्ति करते हुए अथवा वैधानिक रूप से सर्वसाधारण के आशांकित लाभ हेतु, यथा किसी कीट को नियंत्रण में लाते हुए, नए कृषि उत्पादों को उत्पन्न करते हुए या मनोरंजन के नवीन साधन उपलब्ध कराते हुए हो सकते हैं। बहुत सी प्रवेशज जातियाँ बिना अधिक प्रत्यक्ष प्रभाव के समुदाय में समाहित हो जाती हैं किन्तु उनमें से कुछ जातियाँ, देशज जातियों और प्राकृतिक समुदायों में नाटकीय परिवर्तन के लिए उत्तरदायी होती हैं। उदाहरणार्थ, प्रशांत महासागर में बसे गुआम द्वीप में भूरे वृक्ष सर्प बोइगा इररेगुलेरिस के अप्रत्याशित प्रवेश और उसके द्वारा नीड़ परभक्षण करने से 10 देशज वन पक्षी जातियाँ विलोपन के कगार पर पहुँच गई हैं।

संसार में विद्यमान विशाल जैवविविधता का एक प्रमुख कारण है विशेष क्षेत्रीय केन्द्रों की उपस्थिति जिससे संसार के विभिन्न भागों में एक जैसे आवासों में भी अलग-अलग समूहों की जातियाँ विकसित हुई हैं। यदि प्रत्येक जाति संसार के हर हिस्से में प्राकृतिक रूप से प्रवेश कर पाती, तो हम यह अपेक्षा कर सकते थे कि कुछ चंद सफल जातियाँ ही प्रत्येक जीवोम में प्रबल बन जातीं। यह समजातीयकरण जिस पैमाने पर प्राकृतिक रूप से हो सकता है, उस पर उन प्रकीर्णन के भौतिक अवरोधों के कारण अधिकांश जातियों की सीमित प्रकीर्णन शक्ति द्वारा रोक लगी हुई है। मानव द्वारा प्रदत्त आवागमन के अवसरों से ये प्राकृतिक अवरोध, अनवरत वृद्धि-उन्मुख विदेशज जातियों द्वारा भंग किए जा रहे हैं। इन प्रवेशणों के प्रभावस्वरूप विशाल वैविध्यपूर्ण स्थानीय सामुदायिक संयोजन, कहीं अधिक समजातीय संयोजनों में परिवर्तित हो गए हैं।

यह निष्कर्ष निकालना तथापि त्रुटिपूर्ण होगा कि किसी क्षेत्र में जातियों का प्रवेशण वहाँ की जातीय समृद्धता को अपरिहार्य रूप से क्षीण कर देता है। उदाहरणार्थ, यूरोपीय महाद्वीप में पौधों, अकशेरुकियों तथा कशेरुकियों की अनेक जातियाँ पाई जाती हैं जो ब्रिटिश द्वीपसमूह में नदारद हैं (क्योंकि उनमें से बहुत सी जातियाँ अंतिम हिमयुग के पश्चात् अब तक अपने को पुनर्निवेशन करने में विफल रही हैं)। उनके प्रवेशण से ब्रिटिश द्वीपसमूह में जैवविविधता का संवर्धन हो सकता है। उपर्युक्त अर्थपूर्ण क्षतिकारक प्रभाव, तभी उपजता है जब आक्रामक जातियाँ उन देशज जीवजात के सम्मुख नई चुनौतियाँ प्रस्तुत करती हैं जिनसे जूझने की क्षमता उनमें नहीं होती।

**27. With reference to the passage, which of the following statements is correct?**
**उपर्युक्त परिच्छेद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?**

(a) Introduction of exotic species into new geographical areas always leads to reduced biodiversity./नए भौगोलिक क्षेत्रों में विदेशज जातियों का प्रवेश सदैव जैवविविधता को घटाता है।

(b) Exotic species introduced by man into new areas have always greatly altered the native ecosystems./नए क्षेत्रों में मानव द्वारा विदेशज जातियों को प्रवेश कराने से सदैव स्थानीय पारिस्थितिक-तंत्र में वृहत् परिवर्तन हुए हैं।

(c) Man is only reason to convert a hugely diverse range of local community compositions into more homogeneous ones.
मानव ही वह अकेला कारक है जिसने विशाल वैविध्यपूर्ण स्थानीय सामुदायिक संयोजनों को कहीं अधिक समजातीय संयोजनों में परिवर्तित कर डाला है।

(d) None of the statements (a), (b) and (c) is correct in this context./इस संदर्भ में, उपर्युक्त (a), (b) एवं (c) कथनों में से कोई भी सही नहीं है।

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**– नए भौगोलिक क्षेत्रों में कभी-कभी मानव हस्तक्षेप के बिना ही विदेशज जातियों का प्राकृतिक रूप से संक्रमण हो जाता है, तथापि मानव क्रिया-कलापों ने इसे अल्प से वृहद् संक्रमण में परिवर्तित कर दिया है। मानव द्वारा प्रदत्त आवागमन के अवसरों से ये प्राकृतिक अवरोध, अनवरत वृद्धि उन्मुख विदेशज जातियों द्वारा भंग किए जा रहे हैं। इन प्रवेशणों के प्रभाव स्वरूप विशाल वैविध्यपूर्ण स्थानीय सामुदायिक संयोजन, कहीं अधिक समजातीय संयोजनों में परिवर्तित हो गए हैं। अतः विकल्प (d) सही है।

**28. Why does man introduce exotic species into new grographical areas ?**
**मानव नए भौगोलिक क्षेत्रों में विदेशज जातियों का क्यों प्रवेश करता है?**

1. To breed exotic species with local varieties.
स्थानीय जातियों के साथ विदेशज जातियों के प्रजनन के लिए।
2. To increase agricultural productivity.
कृषि उत्पादकता में वृद्धि लाने के लिए।
3. For beautification and landscaping.
सौंदर्यीकरण और भूदृश्यन के लिए।

**Which of the above statements is /are correct ?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 2 and 3 only / केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only / केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**– परिच्छेद के अनुसार मानव नए भौगोलिक क्षेत्रों में विदेशज जातियों का प्रवेश-स्थानीय जातियों के साथ विदेशज जातियों के प्रजनन के लिए,कृषि उत्पादकता में वृद्धि लाने के लिए और सौंदर्यीकरण तथा भूदृश्यन के लिए करता है।

**29. How is homogenization prevented under natural conditions?**
**प्राकृतिक परिस्थितियों में समजातीयकरण पर कैसे अंकुश लगा रहता है?**

(a) Evolution of groups of species specific to local habitats./स्थानीय आवासों के लिए विशिष्ट जाति समूहों के विकास से।
(b) Presence of oceans and mountain ranges.
समुद्री तथा पर्वतीय श्रेणियों की उपस्थिति से।
(c) Strong adaptation of groups of species to localphysical and climatic conditions.
जाति समूहों के स्थानीय भौतिक और जलवायविक परिस्थितियों के प्रति प्रबल अनुकूलन से।
(d) All the statements (a),(b) and (c) given above are correct in this context./इस संदर्भ में उपर्युक्त सभी कथन (a), (b) और (c) सही हैं।

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – स्थानीय आवासों के लिए विशिष्ट जाति समूहों के विकास, समुद्री व पर्वतीय श्रेणियों की उपस्थिति और जाति समूहों के स्थानीय भौतिक तथा जलवायविक परिस्थितियों के प्रति प्रबल अनुकूलन इत्यादि कारणों से प्राकृतिक परिस्थितियों में समजातीयकरण पर अंकुश लगा रहता है।

**30. How have the human beings influenced the biodiversity ?**
**मानव ने जैवविविधता को कैसे प्रभावित किया है?**

1. By smuggling live organisms.
जीवित जीवों की तस्करी द्वारा।
2. By building highway./राजमार्गों के निर्माण द्वारा।
3. By making ecosystems sensitive so tht newspecies are not allowed./पारिस्थितिक-तंत्र को संवेदनशील बनाकर जिससे कि नई जातियाँ उसमें प्रवेश न कर सकें।
4. By ensuring that new species do not have major impact./यह सुनिश्चित करके कि नई जातियों का स्थानीय जातियों पर अधिक प्रभाव न पड़ सके।

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) 1 and 2 /1 और 2 (b) 2 and 3 / 2 और 3
(c) 1 and 3 /1 और 3 (d) 2 and 4 / 2 और 4

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – दिए गए विकल्पों में से परिच्छेद के अनुसार जीवित जीवों की तस्करी और राजमार्गों के निर्माण द्वारा मानव ने जैव-विविधता को प्रभावित किया है।

**31. What can be the impact of invasion of exotic species on an ecosystem ?**
**विदेशज जातियों के संक्रमण का पारिस्थितिक-तंत्र पर क्या प्रभाव हो सकता है?**

1. Erosion of endemic species/देशज जातियों का क्षरण।
2. Change in the species compositions of the community of the ecosystem.
पारिस्थितिक-तंत्र समुदाय के जाति संघटन में परिवर्तन।



yep

Select the correct answer usig the code given below :
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 2 only /केवल 2
(c) Both 1 and 2 /1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2 /न तो 1, न ही 2

**उत्तर– (c)**

**व्याख्या** – बहुत सी प्रवेशज जातियाँ बिना अधिक प्रत्यक्ष प्रभाव के समुदाय में समाहित हो जाती हैं किन्तु उनमें से कुछ जातियाँ, देशज जातियों और प्राकृतिक समुदायों में नाटकीय परिवर्तन के लिए उत्तरदायी होती हैं।

## Passage-2

Most champions of democracy have been rather reticent in suggesting that democracy would itself promote and enhancement of social welfare-they have tended to see them as good but distinctly separate and largely independent goals. The detractors of democracy, on the other hand, seemed to have been quite willing to express their diagnosis of what they see as serious tensions between democracy and development. The theorists of the practical split-''Make up your mind do you want democracy, or instead, do you want development ?''-often came, at least to start with,froms East Asian countries, and their voice grew in influence as several of these countries were immensely successful-through the 1970s and 1980s and even later- in promoting economic growth without pursuing democracy.

To deal with these issues we have to pay particular attention to both the content of what can be called development and to the interpretation of democracy (in particular to the respective roles of voting and of public reasoning). The assessment of development cannot be divorced from the lives that people can lead and the real freedom that they enjoy Development can scarcely be seen merely in terms of enhancement of inanimate objects of convenience, such as a rise in the GNP (or in personal incomes), or industrialization- important as they may be as means to the real ends. Their value must depend on What they do to the lives and freedom of the people involved, which must be central to the idea of development.

If development is understood in a broader way. With a focus on human lives, then it becomes immediately clear that the relation between development and democracy has to be seen partly interims of their constitutive connection, rather than only through their external links. Even though the question has often been asked whether political freedom is ''conducive to development'' we must not miss the crucial recognition that political liberties and democratic rights are among the ''constituent components'' of development. Their relevance for development does not have to be established indirectly through their contribution to the growth of GNP.

## परिच्छेद-2

लोकतंत्र के अधिकांश हिमायती भी यह सुझाने में बल्कि वाक्संयम बरतते रहे हैं कि लोकतंत्र स्वयं ही विकास को और समाज-कल्याण-संवृद्धि को बढ़ाता है— उनकी प्रवृत्ति इन्हें अच्छे किंतु सुस्पष्टतः अलग और व्यापक रूप से स्वतंत्र लक्ष्यों के रूप में देखने की हुई है। दूसरी ओर, लोकतंत्र के निंदक जिसे लोकतंत्र और विकास के बीच गम्भीर तनावों के रूप में देखते हैं, उस पर अपना निदानात्मक विचार व्यक्त करने के लिए काफी इच्छुक प्रतीत हुए हैं। ''मन बनाइए, आपको लोकतंत्र चाहिए, या इसकी जगह, आप विकास चाहते हैं''—बहुधा इस व्यावहारिक विभाजन वाले सिद्धांतवादी, कम-से-कम प्रारम्भ में, पूर्वी एशियाई देशों से आए, और जैसे-जैसे—1970 व 1980 के दशकों के पूरे दौर में व बाद में भी—ये अनेक देश लोकतंत्र का अनुसरण किए बगैर आर्थिक विकास के संवर्धन में अत्यधिक कामयाब होते गए, उनके इस मत का प्रभाव बढ़ता गया है।

इन मुद्दों के सम्बन्ध में हमें खास ध्यान इन दोनों अंतर्विषयों पर देना पड़ेगा कि विकास किसे कहा जा सकता है और लोकतंत्र की व्याख्या क्या है (विशेषकर मतदान और जन-विवेक की अपनी-अपनी भूमिकाओं के संदर्भ में)। विकास का मूल्यांकन, लोग जो जीवन जी पाते हैं और जिस वास्तविक स्वतंत्रता का वे उपभोग करते हैं, उससे पृथक् नहीं किया जा सकता। विकास, विरले ही, सुविधा की निर्जीव वस्तुओं की संवृद्धि के आधार पर देखा जा सकता है, जैसे कि GNP (या व्यक्तिगत आमदनी), या औद्योगीकरण में वृद्धि—चाहे ये वास्तविक लक्ष्यों के साधनों के रूप में कितने ही महत्त्वपूर्ण हों। इनका मूल्य इस बात पर निर्भर करता है कि ये सम्बन्धित लोगों की जिंदगियों व उनकी स्वतंत्रता पर क्या प्रभाव डालते हैं, जो कि विकास के विचार का केंद्रबिन्दु होना ही चाहिए।

यदि विकास को, अपेक्षाकृत अधिक व्यापक ढंग से, मनुष्य की जिंदगियों पर संकेंद्रित कर समझा जाए, तो यह तत्काल स्पष्ट हो जाता है कि विकास व लोकतंत्र के बीच के सम्बन्ध को अंशतः उनके मूलभूत संयोजन के आधार पर देखा जाना चाहिए, न कि मात्र उनके बाह्य सम्पर्कों के द्वारा। यद्यपि अक्सर यह सवाल भी पूछा जाता रहा है कि क्या राजनैतिक स्वतंत्रता ''विकास में सहायक'' होती है, फिर भी हमें इस निर्णायक पहचान को नहीं भूलना चाहिए कि राजनैतिक स्वतंत्रताएँ एवं लोकतांत्रिक अधिकार विकास के ''संघटक अवयवों'' में से हैं। विकास हेतु इनकी प्रासंगिकता अप्रत्यक्षतः GNP की अभिवृद्धि में उनके योगदान के द्वारा प्रमाणित करने की आवश्यकता नहीं होती।

**32. According to the passage, why is a serious tension perceived between democracy and development by the detractors of democracy ?**
**परिच्छेद के अनुसार, लोकतंत्र के निंदक लोकतंत्र व विकास के मध्य क्यों एक गम्भीर तनाव समझते हैं?**

(a) Democracy and development are distinct and separate goals.
लोकतंत्र व विकास सुस्पष्ट और पृथक् लक्ष्य हैं।
(b) Economic growth can be promoted successfully without pursuing a democratic system of governance./आर्थिक अभिवृद्धि को, शासन की लोकतंत्रीय प्रणाली का अनुसरण किए बगैर भी सफलतापूर्वक उन्नत किया जा सकता है।

(c) Non-democratic regimes deliver economic fater and far more successfully than democratic ones.
गैर-लोकतांत्रिक शासन-प्रणालियाँ आर्थिक अभिवृद्धि को, लोकतांत्रिक शासन-प्रणालियों की तुलना में, अधिक तीव्र गति से तथा अधिक सफलतापूर्वक प्रदान करती हैं।

(d) All the statements (a), (b) and (c) given above are correct in this context./ऊपर दिए गए सभी (a), (b) व (c) कथन इस संदर्भ में सही हैं।

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – परिच्छेद के अनुसार, लोकतंत्र के निंदक लोकतंत्र व विकास के मध्य एक गंभीर तनाव समझते हैं क्योंकि आर्थिक अभिवृद्धि को, शासन की लोकतंत्रीय प्रणाली का अनुसरण किए बगैर भी सफलतापूर्वक उन्नत किया जा सकता है।

**33. According to the passage, what should be the ultimate assessment/aim /view of development ?**
**परिच्छेद के अनुसार, विकास का अन्तिम मूल्यांकन/ लक्ष्य/दृष्टि क्या होना चाहिए?**

(a) Rise in the per capita income and industrial growth rates.
प्रति व्यक्ति आय व औद्योगिक संवृद्धि दरों में वृद्धि।

(b) Improvement in the Human Development Index and GNP./मानव विकास सूचकांक तथा GNP में सुधार।

(c) Rise in the savings and consusmption trends. बचतों व उपभोग प्रवृत्तियों में वृद्धि।

(d) Extent of real freedom that citizens enjoy.
उस वास्तविक स्वतंत्रता का विस्तार जिसका नागरिक उपभोग करते हैं।

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – विकास का मूल्यांकन, लोग जीवन पाते हैं और जिस वास्तविक स्वतंत्रता का वे उपभोग करते हैं, उससे पृथक् नहीं किया जा सकता। विकास विरले ही सुविधा की निर्जीव वस्तुओं की संवृद्धि के आधार पर देखा जा सकता है।

**34. What does a ''constitutive'' connection between democracy and development imply ?**
**लोकतंत्र व विकास के मध्य 'मूलभूत' संयोजन का क्या निहितार्थ है?**

(a) The relation between them has to be seen through external links.
इनके मध्य सम्बन्ध को बाह्य संपर्कों के माध्यम से देखा जाना चाहिए।

(b) Political and civil rights only can lead to economic development.
केवल राजनैतिक व नागरिक अधिकार ही आर्थिक विकास की ओर ले जा सकते हैं।

(c) Political liberties and democratic rights are essential elements of development.
राजनैतिक स्वतंत्रताएँ एवं लोकतांत्रिक अधिकार विकास के सारभूत तत्त्व हैं।

(d) None of the statements (a), (b) and (c) given above is correct in this context.
ऊपर दिए गए कथन (a), (b) व (c) में से कोई भी कथन इस संदर्भ में सही नहीं है।

**उत्तर**– (c)

**व्याख्या** – परिच्छेद की अंतिम पंक्तियों के अनुसार यद्यपि अक्सर यह सवाल भी पूछा जाता रहा है कि क्या राजनैतिक स्वतंत्रता ''विकास में सहायक'' होती है, फिर भी हमें इस निर्णायक पहचान को नहीं भूलना चाहिए कि राजनैतिक स्वतंत्रताएँ एवं लोकतांत्रिक अधिकार विकास के ''संघटक अवयवों'' में से है।

## Passage-3

The need of competition Law becomes more evident when foreign direct investment (FDI) is liberalized. The impact of FDI is not always procompetitive. Very often FDI takes the form of foreign corporation acquiring a domestic enterprise or establishing a joint vents sure with one. By making such an acquisition the foreign investor may substantially lessen competition and gain a dominant positionin the relevant market, thus charging higher prices. Another scenario is where the affiliates of two separate multinational companies (MNCs) have been established in competition with one another in a particular developing economy, following the liberalization of FDI. Subsequently, the parent companies overseas merge. With the affiliates no longer remaining independent, competition in the host country may be virtually eliminated and the prices of the products may be artificially inflated. Most of these adverse consequences of mergers and acquisitions by MNCs can be avoided is an effective completion law is in place. Also, an economy that has implemented and effective competition law is in a better position to attract FDI than one that has not. This is not just because most MNCs are expected to be accustomed to the operation of such a law in their home countries and know how to deal with such concerns but also that MNCs expect competition authorities to ensure a level playing field between domestic and foreign firms.

## परिच्छेद–3

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के उदारीकरण के साथ प्रतियोगिता नियम की आवश्यकता और संपुष्ट हो जाती है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रभाव सदैव प्रतियोगिता के पक्ष में नहीं होता। बहुधा, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, किसी घरेलू प्रतिष्ठान का अधिग्रहण कर अथवा किसी प्रतिष्ठान के साथ संयुक्त उद्यम की स्थापना कर, एक विदेशी निगम का रूप ले लेता है। इस प्रकार का अधिग्रहण करने से विदेशी निवेशक प्रतियोगिता को पर्याप्त रूप से कम कर सकता है और संगत बाजार में प्रबल स्थान हासिल कर सकता है और इस प्रकार ऊँची कीमतें प्रभारित कर सकता है। दूसरा वह दृश्य है जहाँ प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के उदारीकरण के अनुगमन में दो भिन्न बहुराष्ट्रीय कम्पनियों (MNCs) के संबद्ध पक्ष एक विशेष विकासशील अर्थव्यवस्था में एक दूसरे के साथ प्रतियोगिता में स्थापित हुए हों। बाद में, जनक कम्पनियों का, जो विदेश में हैं, विलय हो जाता है। जब कंपनियों के संबद्ध पक्ष स्वतंत्र नहीं रह जाते, मेजबान देश में प्रतियोगिता वास्तव में समाप्त हो सकती हैं और उत्पादों की कीमतों में कृत्रिम स्फीति आ सकती है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किए गए अधिग्रहणों और विलयनों के इन अधिकांश विपरीत परिणामों को काफी हद तक, एक प्रभावी प्रतियोगिता नियम को ला कर, टाला जा सकता है। साथ ही,

एक ऐसी अर्थव्यवस्था, जिसने एक प्रभावी प्रतियोगिता नियम को कार्यान्वित किया हो इसे कार्यान्वित न करने वाली अर्थव्यवस्था की तुलना में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित कर पाने के लिए बेहतर स्थिति में होती है। ऐसा केवल इसलिए नहीं है कि ज्यादातर बहुराष्ट्रीय कंपनियों से अपने गृह देश में इस प्रकार के नियम के प्रचालन के अभ्यस्त हो जाने और इस प्रकार के मामलों से निबटने में सक्षम होने की प्रत्याशा की जाती है, अपितु इसलिए भी, कि बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ भी प्रतियोगिता के प्राधिकरणों से यह प्रत्याशा रखती हैं कि वे घरेलू और विदेशी प्रतिष्ठानों के बीच समस्तरीय दशाओं पर प्रतियोगिता सुनिश्चित करेंगे।

**35. With reference to the passage, consider the following statements :**
**इस परिच्छेद के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. It is desirable that the impsact of Foreign Direct Investment should be pro- competitive.
   यह वांछनीय है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रभाव प्रतियोगिता के पक्ष में हो।
2. The entry of foreign investors invariably leads to the inflated prices in domestic markets.
   विदेशी निवेशकों के प्रवेश से आवश्यक रूप से, घरेलू बाजारों की कीमतों में स्फीति आती है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 only /केवल 2
(c) Both 1 and 2 /1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2 /न तो 1, न ही 2

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रभाव सदैव प्रतियोगिता के पक्ष में नहीं होता है। विदेशी निवेशक प्रतियोगिता को पर्याप्त रूप से कम कर सकता है और इस प्रकार ऊँची कीमतें प्रभारित कर सकता है।

**36. According to the passage, how does a foreign investor dominate the relevant domestic market ?**
**इस परिच्छेद के अनुसार, किस प्रकार एक विदेशी निवेशक संगत घरेलू बाजार पर प्रबलता स्थापित कर लेता है?**

1. Multinational companies get accustomed to domestic laws.
   बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ घरेलू नियमों की अभ्यस्त हो जाती हैं।
2. Foreign companies establish joint ventures with domestic companies.
   विदेशी कंपनियाँ, घरेलू कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित कर लेती हैं।
3. Affiliates in a particular market / sector lose their independence as their parent companies overeas merge.
   एक विशेष बाजार/क्षेत्रक के संबद्ध पक्ष अपनी स्वतंत्रता खो देते हैं क्योंकि उनकी विदेश स्थित जनक कंपनियाँ आपस में विलय कर लेती हैं।
4. Foreign companies lower the cost of their products as comspared to that of products of demestic companies.
   विदेशी कंपनियाँ अपने उत्पादों की लागत को घरेलू कंपनियों के उत्पादों की लागत की तुलना में घटा देती हैं।

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) 1 and 2 only / केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1, 2 and 3 only /केवल 1, 2 और 3
(d) 1,2, 3 and 4 /1, 2, 3 और 4

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या**– बहुधा, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किसी घरेलू प्रतिष्ठान का अधिग्रहण कर अथवा किसी प्रतिष्ठान के साथ संयुक्त उद्यम की स्थापना कर एक विदेशी निगम का रूप ले लेता है। बाद में जनक कम्पनियों का जो विदेश में हैं, विलय हो जाता है। जब कम्पनियों के संबद्ध पक्ष स्वतंत्र नहीं रह जाते हैं मेजबान देश में वास्तव में प्रतियोगिता समाप्त हो जाती है।

**37. What is the inference from this passage ?**
**इस परिच्छेद का क्या निष्कर्ष है?**

(a) Foreign investors and multinational companies always dominate the domestic market.
    विदेशी निवेशक और बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ घरेलू बाजार पर सदैव प्रबलता स्थापित कर लेती हैं।
(b) It is not in the best interests of the domestic economy to allow mergers of companies
    कंपनियों का विलय होने देना घरेलू अर्थव्यवस्था के सर्वश्रेष्ठ हितों में से नहीं है।
(c) With competition law, it is easy to ensure a level playing field between domestic and foreign firms.
    प्रतियोगिता नियम के द्वारा, घरेलू और विदेशी प्रतिष्ठानों के बीच प्रतियोगिता हेतु समस्तरीय दशाएँ सुनिश्चित करना सरल हो जाता है।
(d) For countries with sopen economys, Foreign Direct Investment is essential for growth.
    खुली अर्थव्यवस्था वाले देशों के लिए, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश विकास हेतु आवश्यक है।

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – इस परिच्छेद का निष्कर्ष प्रतियोगिता नियम के द्वारा घरेलू और विदेशी प्रतिष्ठानों के बीच प्रतियोगिता हेतु समस्तरीय दशाएँ सुनिश्चित करना सरल हो जाता है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के उदारीकरण के साथ प्रतियोगिता नियम की आवश्यकता और संपुष्ट हो जाती है।

## आन्तरिक वैयक्तिक कौशल एवं संचार कौशल

**38. Examine the following statements :**
**नीचे दिए गए कथनों का परीक्षण कीजिए -**

1. Only those who have a pair of binoculars can become the members sof the birdwatcher's club.
   एक पक्षी-निरीक्षक क्लब में केवल उन्हें ही सदस्यता मिलती है जिनके पास द्विनेत्री (बाइनोक्यूलर) हो।

2. Some members of the bird watcher's club have Cameras./पक्षी-निरीक्षक क्लब के कुछ सदस्यों के पास कैमरे भी होते हैं।
3. Those members who have cameras can take part in photos-contests./जिन सदस्यों के पास कैमरे होते हैं वे फोटो-प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

**Which of the following conclustion can be drawn from the above statements?**
**ऊपर के कथनों से निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है?**

(a) All those who have a pair of binocsulars are members of the bir watcher's club.
जिनके पास द्विनेत्री (बाइनोक्यूलर) होता है वे सभी पक्षी-निरीक्षक क्लब के सदस्य होते हैं।
(b) All members of the birdwatcher's club have a pair of binoculars.
पक्षी-निरीक्षक क्लब के सभी सदस्यों के पास द्विनेत्री (बाइनोक्यूलर) होता है।
(c) All those who take part in photo-contests are members of the birdwatcher's club.
जो फोटो-प्रतियोगिता में भाग लेते हैं वे सभी पक्षी-निरीक्षक क्लब के सदस्य होते हैं।
(d) No conclusion can be drawn.
कोई भी निष्कर्ष निकाला नहीं जा सकता।

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**




**39. During the last summer vacation, Ankit went to a summer camp where he took part in hiking,swismming and boating. This summer, he is looking forward to a music camp where he hopes to sing, dance and learn to play the guitar.**
**पिछली ग्रीष्मकाल की छुट्टियों के दौरान, अंकित एक ग्रीष्म शिविर में गया जहाँ उसने पदयात्रा, तैराकी और नौका-चालन में भाग लिया। इस ग्रीष्मकाल में उसने एक संगीत शिविर में जाने का मन बनाया है जहाँ वह गाने, नाचने और गिटारवादन सीखने की चाह रखता है।**

Based on the above information, four conclusions, as given below, have been made. Which one of these logically follows from the information given above?
**उपर्युक्त सूचना के आधार पर, नीचे दिए गए चार निष्कर्ष निकाले गए हैं। इनमें से कौन-सा एक, उपर्युक्त सूचना से तर्कसंगत रूप से अनुगमित होता है?**

(a) Ankit, parents want him to play the guitar.
अंकित के माता-पिता चाहते हैं कि वह गिटार बजाए।
(b) Ankit, prefers music to outdoor activities.
अंकित बाहरी गतिविधियों की अपेक्षा संगीत ज्यादा पसंद करता है।
(c) Ankit,goes to some type of camp every summer.
अंकित हर ग्रीष्मकाल में किसी-न-किसी प्रकार के शिविर में जाता है।
(d) Ankit likes to sing and dance
अंकित गाना और नाचना पसंद करता है।

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** दी गयी सूचना में, अंकित के माता-पिता के बारे में जानकारी नहीं दी गयी है तथा बाहरी गतिविधियों को परिभाषित नहीं किया गया, तब विकल्प a, b तर्कसंगत नहीं है।
सूचना के आधार पर पिछली ग्रीष्मकाल में तथा इस ग्रीष्मकाल में ग्रीष्म शिविर में गया परन्तु यह स्पष्ट नहीं है कि वह प्रत्येक ग्रीष्मकाल में जाता है तब विकल्प तर्कसंगत नहीं है।
किन्तु अंकित इस ग्रीष्मकाल में संगीत शिविर में जाने का मन बनाया है तथा वहाँ वह गाने नाचने और गिटार वादन सीखने की चाह रखता है। अतः कहा जा सकता है कि अंकित गाना और नाचना पसंद करता है।

**40. Consider the following statement :**
**निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए –**

**"Thought quite expensive, television is not a luxury item, as one can learn many things through television."**
**''काफी महंगा होने के बावजूद, टेलीविजन एक विलास-वस्तु नहीं है क्योंकि टेलीविजन के द्वारा हम काफी चीजें सीख सकते हैं।''**

**Which one of the following is valid inference from the above statement?**
**उपर्युक्त कथन से, निम्नलिखित में से कौन-सा एक वैध निष्कर्ष है?**

(a) All expensive things are regarded as luxury
सभी महंगी वस्तुएं विलास-वस्तु मानी जाती हैं।
(b) All essential things for learniong are not luxury.
शिक्षा के लिए सभी जरूरी वस्तुएं विलास-वस्तुएं नहीं हैं।
(c) Television is essential for learning.
टेलीविजन शिक्षा के लिए जरूरी है।
(d) Television is not luxury item.
टेलीविजन विलास-वस्तु नहीं है।

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या** – प्रश्नगत कथन से वैध निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि टेलीविजन विलास की वस्तु नहीं है।

## तार्किक एवं विश्लेषणात्मक योग्यता

**41. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. All machines consume energy.
सभी मशीनें ऊर्जा खर्च करती हैं।
2. Electricallys provides energy.
बिजली ऊर्जा प्रदान करती है।

3. Electrically operated machines are cheap to maintain./बिजली से चलने वाली मशीनों का रख-रखाव सस्ता होता है।
4. Electrically operated machines do not causes pollution.
बिजली से चलने वाली मशीनें प्रदूषण-मुक्त होती हैं।

**Which one of the following inferences can be drawn from the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा एक निष्कर्ष निकाला जा सकता है?**

(a) All machines are run by electric energy.
सभी मशीनें विद्युत ऊर्जा से चलती हैं।
(b) There is no form of energy other than electricity.
बिजली के अतिरिक्त ऊर्जा का दूसरा कोई प्रारूप नहीं है।
(c) Most machines are operated on electric energy
अधिकांश मशीनें विद्युत ऊर्जा से चलती हैं।
(d) Electrically operate machines are preferable to use/बिजली से चलने वाली मशीनों को चलाना बेहतर है।

**उत्तर : (d)**

**व्याख्या** – प्रश्नगत कथनों के आधार पर निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि बिजली से चलने वाली मशीनों को चलाना बेहतर है क्योंकि बिजली से चलने वाली मशीनों का रख-रखाव सस्ता है और बिजली से चलने वाली मशीनें प्रदूषण भी नहीं पैदा करतीं।

**42. Examine the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए :**

1. None but the rich can afford air-travel.
धनिकों के अलावा कोई हवाई यात्रा का खर्च नहीं उठा सकता।
2. Some of those who travel by air become sick
हवाई यात्रा करने वालों में से कुछ बीमार पड़ जाते हैं।
3. Some of those who become sick require treatment.
जो बीमार पड़ते हैं उनमें से कुछ को इलाज की आवश्यकता होती है।

**Which one of the following conclusions can be drawn from the above statements?**
**निम्नलिखित निष्कर्षों में से कौन-सा एक उपरिलिखित कथनों से निकाला जा सकता है?**

(a) All the rich persons travel by air.
सभी धनिक व्यक्ति हवाई यात्रा करते हैं।
(b) Those who travel by air become sick.
जो हवाई यात्रा करते हैं वे बीमार पड़ जाते हैं।
(c) All the rich persons become sick.
सभी धनिक व्यक्ति बीमार पड़ते हैं।
(d) All those who travel by air are rich.
सभी लोग जो हवाई यात्रा करते हैं, धनिक होते हैं।

**उत्तर : (d)**

**व्याख्या** – प्रश्नगत कथनों से निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि सभी लोग जो हवाई यात्रा करते हैं, धनिक होते हैं।

**43. In five flats, one above the other, live five professionals. The professor has to go up to meet his IAS officer friend. The doctor is equally friendly to all, and has to go up as frequently as go down. The engineer has to go up to meet his MLA friend above whose flat lives the professor's friend.**
**From the ground floor to the top floor, in what order do the five professionals live?**
**पांच फ्लैटों में, जो एक दूसरे के ऊपर स्थित हैं, पांच व्यवसायी रहते हैं। एक प्रोफेसर है जिसे अपने IAS अधिकारी मित्र से मिलने के लिए ऊपर जाना पड़ता है। एक डॉक्टर है, जिसकी सभी से समान रूप से मित्रता है, उसे जितनी बार ऊपर जाना पड़ता है उतनी ही बार नीचे उतरना पड़ता है। एक इंजीनियर है जिसे अपने MLA मित्र से मिलने के लिए ऊपर जाना पड़ता है, जिसके फ्लैट के ऊपर प्रोफेसर का मित्र रहता है।**
**ये पांच व्यवसायी सबसे निचले तल से सबसे ऊपरी तल तक किस क्रम में रहते हैं?**

(a) Engineer, Professor, Doctor, IAS officer, MLA
इंजीनियर, प्रोफेसर, डॉक्टर, IAS अधिकारी, MLA
(b) Professor, Engineer, Doctor, IAS officer, MLA
प्रोफेसर, इंजीनियर, डॉक्टर, IAS अधिकारी, MLA
(c) IAS officer, Engineer, Doctor, Professor, MLA
IAS अधिकारी, इंजीनियर, डॉक्टर, प्रोफेसर, MLA
(d) Professor, Engineer, Doctor, MLA, IAS officer.
प्रोफेसर, इंजीनियर, डॉक्टर, MLA, IAS अधिकारी

**उत्तर : (d)**

**व्याख्या** – प्रश्नानुसार फ्लैटों में व्यवसायियों के रहने का क्रम –

| |
|---|
| IAS |
| MLA |
| डॉक्टर |
| प्रोफेसर/इंजीनियर |
| प्रोफेसर/इंजीनियर |

**44. Examine the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए -**

1. I watch TV only if I am bored.
मैं तभी दूरदर्शन देखता हूँ जब ऊबा हुआ होता हूँ।
2. I am never bored when I have my brother's company.
मैं यदि अपने भाई के साथ होता हूँ तो कभी नहीं ऊबता।
3. Whenever I go to the I take my brother's alone.
मैं जब कभी थियेटर जाता हूँ तो अपने भाई को साथ ले जाता हूँ।

**Which one of the following conclusions is valid in the context of the above statements**
**ऊपर के कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष वैध है?**

(a) If I am bored, I watch TV.
यदि मैं ऊबा हुआ होता हूँ, तो दूरदर्शन देखता हूँ।
(b) If I am bored, I seek my brother, company.
यदि मैं ऊबा हुआ होता हूँ, तो अपने भाई का साथ चाहता हूँ।
(c) If I am not with my brother, then I watch TV.
यदि मैं अपने भाई के साथ नहीं होता हूँ, तो दूरदर्शन देखता हूँ।
(d) If I am not bored, I do not watch TV.
यदि मैं ऊबा हुआ नहीं होता हूँ, तो दूरदर्शन नहीं देखता।

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**–प्रश्नगत कथनों के आधार पर वैध निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि यदि मैं ऊबा हुआ नहीं होता हूँ, तो दूरदर्शन नहीं देखता।


yep

**45. Only six roads A, B, C, P, Q and R connect a military camp to the rest of the country. Only one out of A,P and R is open at any one time. If B is closed, so is Q. Only one of A and B is open during storms. P is closed during floods.**
**In this context, which one of the following statements is correct?**
**केवल छः सड़कें A, B, C, P, Q एवं R किसी एक सैन्य शिविर को देश के शेष भाग से जोड़ती हैं। किसी भी एक समय पर A, P एवं R सड़कों में से केवल एक सड़क ही खुली रहती है। यदि B बंद होती है, तो Q भी बंद होती है। तूफान के समय A एवं B में से केवल एक खुली रहती है। बाढ़ के समय P बंद रहती हैं इस संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?**

(a) Under normal conditions only three roads are open.
सामान्य परिस्थितियों में केवल तीन सड़कें खुली रहती हैं।
(b) During storms at least one road is open.
तूफान के समय कम-से-कम एक सड़क खुली रहती है।
(c) During floods only three roads are open.
बाढ़ के समय केवल तीन सड़कें खुली रहती हैं।
(d) During calamities all roads are closed.
आपदाओं के समय सारी सड़कें बंद रहती हैं।

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या** – प्रश्नगत संदर्भ में तूफान के समय कम से कम एक सड़क खुली रहती है, सही है क्योंकि प्रश्नानुसार तूफान के समय A एवं B में से एक सड़क खुली रहती है।

**46. Examine the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -**

1. None but students are mebers of the club.
छात्रों के अलावा दूसरा कोई क्लब का सदस्य नहीं है।
2. Some members of the club are married persons.
क्लब के कुछ सदस्य विवाहित हैं।
3. All married persons are invited for dance.
सभी विवाहित डांस के लिए निमंत्रित हैं।

**Which sone of the following conclusions can be drawn from the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा एक निष्कर्ष निकाला जा सकता है?**

(a) All students are invited for dance.
सभी छात्र डांस के लिए निमंत्रित हैं।
(b) All married students of the club are invited for dance.
क्लब के सभी विवाहित छात्र डांस के लिए निमंत्रित हैं।
(c) All members of the club are married persons.
क्लब के सभी सदस्य विवाहित हैं।
(d) None of the above conclusions can be drawn.
उपर्युक्त निष्कर्षों में से कोई भी निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है।

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**–जैसा कि स्पष्ट है कि केवल छात्र ही क्लब के सदस्य हैं और केवल विवाहित ही नृत्य के लिए आमंत्रित हैं। इसका अर्थ हुआ कि सभी विवाहित छात्र नृत्य के लिए आमंत्रित हैं।

**47. Six squares are colored, front ant back, red (R), blue (B), yellow (Y), green (G), white (W) and orange (O) and are hinged together as shown in the figure given. If they are folded to form a cube, what would be the face opposite the white face?**
**नीचे दिखाई गई छः रंगीन (आगे पीछे दोनों) वर्गाकृति लाल (R), नीला (B), पीला (Y), हरा (G), सफेद (W) तथा नारंगी (O) आपस में एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं। यदि इन आकृतियों को एक घन के रूप में मोड़ा जाए, तो सफेद आकृति के विपरीत कौन-सी आकृति होगी?**




(a) R (b) G (c) B (d) O

**उत्तर-**(c)

**व्याख्या**– दी गई आकृति को घन के रूप में मोड़ने पर आमने-सामने की आकृतियों का रंग इस प्रकार होगा –
R = Y , G = O, B = W
अतः स्पष्ट होता है कि सफेद आकृति के विपरीत नीली B रंग वाली आकृति होगी।

**48.**




**In the figure, circle P represents hardworking people, circle Q represents intelligent people, circle R represents truthful people, and circle S represents honest people. Which region represents the people who are intelligent, honest and truthful but not hardworking?**
**उपर्युक्त चित्र में, वृत्त P मेहनती लोगों को निरूपित करता है, वृत्त Q बुद्धिमान लोगों को निरूपित करता है, वृत्त R सच्चे लोगों को निरूपित करता है, और वृत्त S ईमानदार लोगों को निरूपित करता है। कौन-सा क्षेत्र ऐसे व्यक्तियों को निरूपित करता है जो बुद्धिमान, ईमानदार और सच्चे हैं, किन्तु मेहनती नहीं हैं?**

(a) 6 (b) 7
(c) 8 (d) 11

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-**वैन डायाग्राम से, ऐसे व्यक्ति जो बुद्धिमान, ईमानदार और सच्चे हैं, किन्तु मेहनती नहीं हैं, के लिए ऐसी राशि लेंगे जो वृत्त P में न हो जबकि Q, R, S में अवश्य हों। अतः वह संख्या 6 है।


yep

**49. Three views of a cube following a particular motion are given below ?**

**किसी विशेष अनुदूरीक रूपान्तरण में एक घन (क्यूब) के तीन दृश्य नीचे दिए गए हैं–**




**What is the letter opposite to A?**
**A के सम्मुख कौन-सा अक्षर है?**

(a) H (b) P (c) B (d) M

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** प्रथम दो घन को मूल बिन्दु K मानकर घड़ी की दिशा में घुमाने पर,

| K | B | A |
|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ |
| K | M | H |

तब B के सम्मुख M होगा
A के सम्मुख H होगा
K के सम्मुख P होगा

**50. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**

1. All artists are whimsical.
सभी कलाकार सनकी होते हैं।
2. Some artists are drug addicts.
कुछ कलाकार नशीले पदार्थों के व्यसनी होते हैं।
3. Frusstrated people are prone to become drug addicts.
कुंठाग्रस्त व्यक्तियों के नशीले पदार्थों का व्यसनी बन जाने की संभावना रहती है।

**From the above three statements it may be concluded that**
**उपरिलिखित तीन कथनों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि**

(a) Artists are frustrated.
कलाकार कुंठाग्रस्त होते हैं।
(b) Some drug addicts are whimsical.
नशीले पदार्थों के व्यसनी लोगों में से कुछ सनकी होते हैं।
(c) All frustrated people are drug addicts
सभी कुंठाग्रस्त व्यक्तियों को नशीले पदार्थों का व्यसन होता है।
(d) Whimsical people are generally frustrated.
सनकी व्यक्ति आम तौर पर कुंठाग्रस्त होते हैं।

**उत्तर-**(b)

**व्याख्या –** प्रश्नगत कथनों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि नशीले पदार्थों के व्यसनी लोगों में से कुछ सनकी होते हैं।

**51. Examine the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए :**

1. Either A and B are of the same age or A is older than B./या तो A और B की एक ही आयु है अन्यथा B से A बड़ा है।
2. Either C and D are of sthe same age or D is older than C./या तो C और D की एक ही आयु है अन्यथा C से D बड़ा है।
3. B is older than C./C से B बड़ा है।

**Which one of the following conclusions can be drawn from the above statements?**
**ऊपर के कथनों से निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है?**

(a) A is older then B / B से A बड़ा है
(b) B and D are of the same age
B और D की एक ही आयु है
(c) D is older than C/C से D बड़ा है
(d) A is older than C/C से A बड़ा है

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या** – $A = B$ या $A > B$, $C = D$ या $D > C$

प्रश्नानुसार, यदि $A = B$ और $C = D$ तब $B > C$ या $A > C$

यदि $A > B$ और $D > C$, दिया है – $B > C$

$\therefore A > B > C$ $\therefore A > C$

**अथवा**

$A \geq B$ ...... (i)
$D \geq C$ ...... (ii)
$B > C$ ...... (iii)
समी. (i), (ii) व (iii) से,

$\boxed{A \geq B > C \leq D}$

निश्चित तौर पर, $\boxed{A > C}$

**52. Ten new TV shows started in Januarys-5 sitcoms, 3 drama and 2 news magazines. By April, only seven of the new shows were still on, five of them being sitcoms Based on the above information, four conclusions, as given below, have been made.**
**जनवरी में दस नए TV शो शुरू हुए – 5 सिटकॉम, 3 ड्रामा और 2 समाचार मैगजीन। अप्रैल तक, उन नए शो में से सिर्फ सात अभी भी चल रहे थे, जिनमें 5 सिटकॉम हैं।**

**Which one of these logically follows from the information given above?**
**उपर्युक्त सूचना के आधार पर, नीचे दिए गए चार निष्कर्ष निकाले गए हैं। इनमें से कौन-सा एक, उपर्युक्त सूचना से तर्कसंगत रूप से अनुगमित होता है?**

(a) Only one news magazine show is still on.
केवल एक समाचार मैगजीन शो अभी भी चालू है।
(b) Only one of the drama shows is still on.
ड्रामा शो में से केवल एक अभी भी चालू है।
(c) At least one discontinued show was a drama.
बंद किए गए शो में से कम-से-कम एक ड्रामा था।
(d) Viewers prefer sitcoms over drama.
दर्शकों को ड्रामा की अपेक्षा सिटकॉम ज्यादा पसंद हैं।

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**

जनवरी में शुरू किये गये मैगजीन शो $\rightarrow$ 5 सिटकॉम
$\rightarrow$ 3 ड्रामा
$\rightarrow$ 2 समाचार मैगजीन

अप्रैल तक सिर्फ सात चल रहे है जिनमें 5 सिटकॉम के हैं,

तब संभावनाएं, 5 सिटकॉम + 2 ड्रामा = 7
5 सिटकॉम + 2 समाचार मैगजीन = 7
5 सिटकॉम + 1 ड्रामा + 1 समाचार मैगजीन = 7

तीनों संभावनाओं से स्पष्ट है कि बन्द किये गये शो में से कम से कम एक ड्रामा था।

**53. Mr. Kumar drives to work at an average speed of 48 km per hour. The time taken to cover the first 60% of the distance is 10 minutes more than the time taken to cover the remaining distance. How far is his office?**

**श्री कुमार अपने कार्य पर 48 km प्रति घंटे की औसत चाल से गाड़ी चलाकर जाते हैं। पहली 60% दूरी तय करने में शेष दूरी को तय करने में लगने वाले समय की अपेक्षा, 10 मिनट ज्यादा लगते हैं। उनका कार्यस्थल कितनी दूरी पर है?**

(a) 30 km (b) 40 km
(c) 45 km (d) 48 km

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या** – माना श्री कुमार द्वारा शेष दूरी (40%) तय करने में लगा समय $(t_1) = x$ मिनट

$\therefore$ 60% दूरी तय करने में लगा समय $(t_2) = (x + 10)$ मिनट

प्रश्नानुसार, $\frac{\text{D का } 60\%}{x+10} = \frac{\text{D का } 40\%}{x}$

$6x = 4(x + 10)$
$2x = 40$
$x = 20$
$\because t_1 = x = 20$ min
$t_2 = (x + 10) = 20 + 10 = 30$ min

कुल दूरी $= D_1 + D_2 = 48 \times \frac{30}{60} + 48 \times \frac{20}{60}$

$= 24 + 16 = 40$ किमी.

**54. Gita is prettier than Sita but no as pretty as Rita. Then.**

**गीता, सीता से अधिक सुन्दर है लेकिन रीता जितनी सुंदर नहीं है। तो**

(a) Sita is not as pretty as Gita
सीता, गीता जितनी सुन्दर नहीं है।
(b) Sita is prettier tha Rita.
सीता, रीता से ज्यादा सुन्दर है।
(c) Rita is not a pretty as Gita
रीता, गीता जितनी सुन्दर नहीं है।
(d) Gita is sprettier than Rita
गीता, रीता से ज्यादा सुन्दर है।

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**– प्रश्नानुसार, गीता > सीता, गीता < रीता
तब, रीता > गीता > सीता

**55. Given that,**
**मान लीजिए**

1. A is the brother of B.
A, B का भाई है।
2. C is the father of A.
C, A का पिता है।
3. D is the brother of E.
D, E का भाई है।
4. E is the daughter of B.
E, B की पुत्री है।

**Then, the uncle of D is**
**तो D का चाचा कौन है?**

(a) A (b) B
(c) C (d) E

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-**




(जहाँ + Male, – Female)

ऊपर नीचे जाने पर वंशावली क्रम चलता है

अतः D का चाचा A होगा।

**56. Examine the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए -**

1. Rama scored more than Rani.
रमा ने रानी से अधिक अंक प्राप्त किए।
2. Rani scored less than Ratna.
रानी ने रत्ना से कम अंक प्राप्त किए।
3. Ratna scored more than Rama.
रत्ना ने रमा से अधिक अंक प्राप्त किए।
4. Padma scored more than Rama but less than Ratna.
पद्मा ने रमा से अधिक किंतु रत्ना से कम अंक प्राप्त किए।

**Who scored the hightest ?**
**सबसे अधिक अंक किसने प्राप्त किए?**

(a) Rama/रमा
(b) Padma/पद्मा
(c) Rani/रानी
(d) Ratna/रत्ना

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या** – रमा > रानी
रत्ना > रानी
रत्ना > रमा
रत्ना > पदमा > रमा
अतः सही क्रम इस प्रकार है –
रत्ना > पदमा > रमा > रानी

## निर्णयन लेने एवं समस्या समाधान हेतु

**57. Consider the following statement :**
**निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए –**

**The Third World War, if it ever starts, will end very quickly with the possible end of civilization. It is sonlsy the misuse of nuclear power which will trigger it.**

**Based on the above statement, which one of the following inferences is correct ?**

**यदि तृतीय विश्व युद्ध कभी शुरू होता है तो वह संभवतया सभ्यता के अंत के साथ बहुत जल्द समाप्त हो जाएगा। उसे नाभिकीय शक्ति का दुरुपयोग ही प्रेरित करेगा। उपर्युक्त कथन के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन-सा एक निष्कर्ष सही है?**

(a) Nuclear power will be used in the Third World War/तृतीय विश्व युद्ध में नाभिकीय शक्ति का प्रयोग किया जाएगा।
(b) There will be no civilization left after the Third World War.
तृतीय विश्व युद्ध के पश्चात् कोई सभ्यता शेष नहीं रहेगी।
(c) The growth of nuclear power will destroys civilization in the long run./नाभिकीय शक्ति के विकास से लम्बे समय में सभ्यता नष्ट हो जाएगी।
(d) The Third World War will not take place.
तृतीय विश्व युद्ध नहीं होगा।

**उत्तर-(a)**

**Directions for the following 7 (Seven) items :**
**निम्नलिखित 7 (सात) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :**

**Given below are seven items. Each item describes a situation and is followed by four possible responses. Indicae the response your find most appropriate. Choose only one response for each item. The responses will be evaluated based on the level of appropriateness for the given situation.**

**नीचे सात प्रश्नांश दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश में एक स्थिति का वर्णन है, जिसके पश्चात् उसके चार संभव उत्तर दिए गए हैं। जिस उत्तर को आप सर्वाधिक उपयुक्त मानते हैं, उसे आप अपने उत्तर के रूप में अंकित कीजिए। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए केवल एक ही उत्तर चुनिए। उत्तरों का मूल्यांकन, दी गई स्थिति के लिए उपयुक्तता के स्तर के आधार पर किया जाएगा।**

**Please attempt all the items. There is no penalty, for wrong answers for these seven items.**

**कृपया सभी प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए। इन सात प्रश्नांशों के लिए गलत उत्तरों के लिए कोई दंड नहीं है।**

**58. You have differences of opinion regarding the final report prepared by your subordinate that is to be submitted, urgently. The subordinate is justifying the information given in the report. You woud.....**

**अपने अधीनस्थ द्वारा तैयार किए गए अंतिम प्रतिवेदन के संबंध में, जिसे अतिशीघ्र प्रस्तुत किया जाना है, आपके अभिमत भिन्न हैं। आपका अधीनस्थ प्रतिवेदन में दी गई सूचना को उचित ठहरा रहा है। आप क्या करेंगे?**

(a) Convince the subordinate that he is wrong.
अपने अधीनस्थ से स्वीकार कराएँगे कि वह गलत है।
(b) Tell him to reconsider the results
उसको परिणामों पर पुनर्विचार करने हेतु कहेंगे।
(c) Revise the report on your own.
प्रतिवेदन में आप स्वयं संशोधन कर लेंगे।
(d) Tell him not to justify the mistake.
अधीनस्थ को कहेंगे कि अपनी गलती को उचित न ठहराए।

**उत्तर-(a या c)**

**व्याख्या** – अपने अधीनस्थ द्वारा तैयार किए गए अंतिम प्रतिवेदन के संदर्भ में, जिसे अतिशीघ्र प्रस्तुत किया जाना है, आपके अभिमत भिन्न हैं। आपका अधीनस्थ प्रतिवेदन में दी गई सूचना को उचित ठहरा रहा है। ऐसी स्थिति में आप अपने अधीनस्थ से स्वीकार कराएंगे कि वह गलत है अथवा प्रतिवेदन में आप स्वयं ही संशोधन कर लेंगे।

**59. You are competing with your batch-mate for a prestigious award to be decide based on an oral presentation. Ten minutes are allowed for each presentation. You have been asked by the committee to finish on time. Your friend however, is allowed more than the stipulated time period. You would....**

**एक प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए, जिसका निर्धारण एक मौखिक प्रस्तुतीकरण के आधार पर होना है, आप अपने ही बैच के किसी सहकर्मी (बैच-मेट) के साथ प्रतियोगिता कर रहे हैं। प्रत्येक प्रस्तुतीकरण के लिए दस मिनट का समय रखा गया है। समिति ने आपको प्रस्तुतीकरण को ठीक समय से समाप्त करने को कहा है, जबकि, आपके मित्र को अनुबद्ध समयावधि से अधिक समय दिया जाता है। आप क्या करेंगे?**

(a) Lodge a complaint to the chairperson against the discrimination./इस भेदभाव के लिए अध्यक्ष के पास एक शिकायत दर्ज कराएँगे।
(b) Not listen to any justification from the committee.
समिति द्वारा दिए गए किसी भी औचित्य को नहीं सुनेंगे।
(c) Ask for withdrawal of your name.
अपना नाम प्रतियोगिता से वापस लेने की माँग करेंगे।
(d) Protest and leave the place.
विरोध करते हुए उस स्थान को छोड़ देंगे।

**उत्तर-(a या d)**

**व्याख्या** – प्रश्नगत परिस्थिति में आप इस भेदभाव के लिए अध्यक्ष के पास एक शिकायत दर्ज कराएंगे अथवा विरोध करते हुए उस स्थान को छोड़ देंगे।

**60. You are handling a time-bound project. During the project review meeting you find that the project is likely to ge delayed due to lack of cooperation of the team members. You would .....**

**आप एक समयबद्ध परियोजना पर कार्य कर रहे हैं। परियोजना की पुनरीक्षण बैठक के दौरान आप पाते हैं कि आपके समूह के सदस्यों की ओर से सहयोग में कमी होने के कारण परियोजना विलंबित हो सकती है। आप क्या करेंगे?**



yep

(a) Warns the team members for their non cooperation/अपने समूह के सदस्यों को उनके असहयोग के लिए चेतावनी देंगे।

(b) Look into reasons for non-cooperation.
असहयोग के कारणों की जांच-पड़ताल करेंगे।

(c) Ask for the replacement of team members.
समूह के सदस्यों को प्रतिस्थापित करने की माँग करेंगे।

(d) Ask for extension of time citing reasons.
कारण प्रस्तुत करते हुए समय सीमा बढ़ाने की माँग करेंगे।

**उत्तर-(a या b)**

**व्याख्या** – प्रश्नगत परिस्थिति में आप अपने समूह के सदस्यों को उनके असहयोग के लिए चेतावनी देंगे अथवा असहयोग के कारणों की जाँच-पड़ताल करेंगे।

**61. You are the chairperson of a state sports committee. You have received a complaint and later it was found that an athlete in the junior age category who has won a medal has crossed-the age criteria by 5 days. You would…..**

**आप एक राज्य क्रीड़ा समिति के अध्यक्ष हैं। आपको एक शिकायत मिली है और बाद में यह पाया गया है कि कनिष्ठ आयु वर्ग के किसी पदक जीतने वाले एथलीट की आयु, आयु के लिए मानदण्ड से पाँच दिन अधिक हो गई है। आप क्या करेंगे?**

(a) Ask the screening committee for a clarification.
छानबीन समिति से स्पष्टीकरण देने को कहेंगे।

(b) Ask the athlete to return the medal.
एथलीट से पदक वापस करने को कहेंगे।

(c) Ask the athlete to get an affidavit from the court declaring his/her age./एथलीट को अपनी आयु की घोषणा करते हुए न्यायालय से शपथ-पत्र लाने को कहेंगे।

(d) Ask the members of the sports committee for views./क्रीड़ा समिति के सदस्यों से उनकी राय माँगेंगे।

**उत्तर-(a या d)**

**व्याख्या**– प्रश्नगत परिस्थिति में आप छानबीन समिति से स्पष्टीकरण देने को कहेंगे अथवा क्रीड़ा समिति के सदस्यों से उनकी राय मांगेंगे।

**62. You are handling a priority and have been meeting all the deadlines and are therefore planning your leave during the project. Your immediated boss does not grant your leave citing the urgency of the project. You would.**

**आप एक प्राथमिकता परियोजना पर कार्य कर रहे हैं और सभी अंतिम तिथियों को पूरी तरह निभा रहे हैं और इस आधार पर परियोजना के दौरान अवकाश लेने की योजना बना रहे हैं। आपका आसन्न अधिकारी परियोजना की अविलंबता बता कर आपके अवकाश को अनुमोदित नहीं करता है। आप क्या करेंगे?**

(a) Proceed on level without waiting for the sanction.
मंजूरी की प्रतीक्षा किए बिना अवकाश पर चले जाएंगे।

(b) Pretend to be sick and take leave.
बीमारी का बहाना बना कर अवकाश पर चले जाएंगे।

(c) Approach higher authority to reconsider the leave application/अवकाश के आवेदन पर पुनर्विचार करने हेतु उच्चतर अधिकारी से बात करेंगे।

(d) Tell the boss that it is not justified.
आसन्न अधिकारी को बताएंगे कि यह न्यायसंगत नहीं है।

**उत्तर-(c या d)**

**व्याख्या** – प्रश्नगत परिस्थिति में आप अवकाश के आवेदन पर पुनर्विचार करने हेतु उच्च अधिकारी से बात करेंगे अथवा आसन्न अधिकारी को बताएँगे कि यह न्यायसंगत नहीं है।

**63. You are involved in steeing uup a water supply project in a remote area. Full recovery of cost is impossible in any case. The income levels in the area are low and 25% of the population is below poverty line (BPL). When a decision has to be taken of pricing you would.**

**आप सुदूर क्षेत्र में एक जल पूर्ति परियोजना स्थापित करने हेतु कार्य कर रहे हैं। किसी भी हालत में परियोजना की पूरी लागत वसूल कर पाना असंभव है। उस क्षेत्र में आय का स्तर बहुत नीचा है और 25 प्रतिशत जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे है। जलापूर्ति की कीमत निर्धारण का निर्णय लेते समय आप क्या करेंगे?**

(a) Recommend that the supply of water be free of chare in all respects.
यह अनुसंशा करेंगे कि पूरी तरह जलापूर्ति निःशुल्क हो।

(b) Recommend that the users pay a one time fixed sum for the installation of taps and the usage of water be free.
यह अनुसंशा करेंगे कि सभी प्रयोगकर्त्ता नल लगाने हेतु एक बार तय एक-मुश्त राशि का भुगतान करें और पानी का उपयोग निःशुल्क हो।

(c) Recommend that a fixed monthly charge be levied only on the non-BPL families and for BPL families water should be free.
यह अनुसंशा करेंगे कि गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों के लिए एक तय मासिक शुल्क लगाया जाए और गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों हेतु जलापूर्ति निःशुल्क हो।

(d) Recommend that the users pay a charge based on the consumption of water with differentiated charges for non-BPL and BPL families.
यह अनुसंशा करेंगे कि प्रयोगकर्ता जल के उपभोग पर आधारित शुल्क का भुगतान करें जिसमें गरीबी रेखा से ऊपर तथा नीचे के परिवारों हेतु विभेदीकृत शुल्क निश्चित किया जाए।

**उत्तर-(c या d)**

**व्याख्या** – प्रश्नगत परिस्थिति में आप यह अनुशंसा करेंगे कि गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों के लिए एक तय मासिक शुल्क लगाया जाए और गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों के लिए जलापूर्ति निःशुल्क हो अथवा यह अनुशंसा करेंगे कि प्रयोगकर्ता जल के उपभोग पर आधारित शुल्क का भुगतान करे, जिसमें गरीबी रेखा से ऊपर तथा नीचे के परिवारों हेतु विभेदीकृत शुल्क निश्चित किया जाय।

**64. As a citizen you have some work with a government department. The official calls you again and again, and without directly asking you, sends out feelers for a bribe. You want to get your work done. You would.**

**एक नागरिक के रूप में आपको एक सरकारी विभाग से कुछ काम है। सम्बद्ध अधिकारी आपको बार-बार बुलाता है; और आपसे प्रत्यक्षतः बिना कुछ कहे रिश्वत देने के इशारे करता है। आप अपना कार्य कराना चाहते हैं। आप क्या करेंगे?**

(a) Give a bribe/रिश्वत दे देंगे।

(b) Behave as if you have not understood the feelers and persist with your application.
ऐसा व्यवहार करेंगे मानो आप उसके इशारे नहीं समझ रहे हैं और अपने आवेदन पर डटे रहेंगे।

(c) Go to the shigher officer for helps verbally complaining abut feelers.
रिश्वत के इशारों के सम्बन्ध में मौखिक शिकायत के साथ उच्चतर अधिकारी के पास सहायता के लिए जाएंगे।

(d) Send in a formal complaint.
एक औपचारिक शिकायत भेजेंगे।

**उत्तर-(b या c)**

**व्याख्या**– प्रश्नगत परिस्थिति में आप ऐसा व्यवहार करेंगे मानो आप उसके इशारे नहीं समझ रहे हैं और अपने आवेदन पर डटे रहेंगे अथवा रिश्वत के इशारों के संबंध में मौखिक शिकायत के साथ उच्चतर अधिकारी के पास सहायता के लिए जाएँगे।

**65. Read the passage given below and the two statements that follow (given on the basis of the passage)**

**निम्नलिखित परिच्छेद और उसके उपरांत इसी परिच्छेद के आधार पर दिए गए दो कथनों को पढ़िए :**

**Four men are waiting at Delhi airport for a Mumbai flight. Two are doctors and the other two are businessmen. Two speak Gujarati and two speak Tamil. No two of the same profession speak the same language. Two are Muslims and two are Christians. No two of the same religion are of he same profession, nonr do they speak the same language. The tamil-speaking doctor is a Christian.**

**दिल्ली हवाई अड्डे पर मुंबई की उड़ान के लिए चार व्यक्ति प्रतीक्षा कर रहे हैं। दो डॉक्टर हैं और शेष दो व्यापारी हैं। दो गुजराती बोलते हैं और दो तमिल। किसी भी एक व्यवसाय के दो व्यक्ति एक भाषा नहीं बोलते। दो मुसलमान हैं और दो ईसाई। किसी भी एक धर्म के दो व्यक्ति एक व्यवसाय में नहीं हैं, न ही एक भाषा बोलते हैं। तमिल बोलने वाला डॉक्टर ईसाई है।**

1. The Cristian-businessman speak Gujarati.
ईसाई व्यापारी गुजराती बोलता है।
2. The Gujarati-speaking doctor is a Muslim.
गुजराती बोलने वाला डॉक्टर मुसलमान है।

**Which of the above statements is/are correct conclusion/ conclusions ?**

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही निष्कर्ष है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 only /केवल 2
(c) Both 1 and 2 /1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2 /न तो 1, न ही 2

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या** –परिच्छेद को पढ़ने से स्पष्ट होता है कि ईसाई व्यापारी गुजराती बोलता है और गुजराती बोलने वाला डॉक्टर मुसलमान है। अतः दोनों निष्कर्ष वैध हैं और अभीष्ट उत्तर विकल्प (c) होगा।

## सामान्य मानसिक क्षमता

**66. Four political parties W,X,Y and Z decided to set up a joint candidate for the coming parliamentary elections. The formula agreed by them was the acceptance of the candidates by them was the acceptance of a candidate by most of the parties. Four aspiring candidates, A, B,C, and D approached the parties for their tickets.**

**W, X, Y एवं Z चार राजनीतिक दलों ने आगामी संसदीय चुनावों के लिए संयुक्त उम्मीदवार खड़ा करने का निर्णय लिया है। किसी भी उम्मीदवार का सबसे अधिक दलों द्वारा स्वीकार किया जाना ही उम्मीदवार के चयन का आधार है।**

**A, B, C and D approached the parties for their tickets.**

**A, B, C एवं D चार प्रार्थी उम्मीदवार इन दलों के पास टिकट पाने के लिए आते हैं।**

A was acceptable to W but not to Z.
A उम्मीदवार W को स्वीकार्य है किंतु Z को नहीं है।
B was acceptable to Y but not to X.
B उम्मीदवार Y को स्वीकार्य है किंतु X को नहीं है।
C was acceptable to W and Y.
C उम्मीदवार W एवं Y को स्वीकार्य है।
D was acceptable to W and X.
D उम्मीदवार W एवं X को स्वीकार्य है।

**When candidate B was preferred by W and Z, candidate C was preferred by X and Z, and candidates A was acceptable to X but not to Y, Who got the ticket ?**

**जब B उम्मीदवार को W एवं Z ने पसंद किया, C उम्मीदवार को X एवं Z ने पसंद किया, और A उम्मीदवार X को स्वीकार्य था किंतु Y को नहीं था; तो टिकट किसे मिली?**

(a) A (b) B (c) C (d) D

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**

| | | राजनीतिक दल | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | सांकेतिक चिह्न | W | X | Y | Z |
| उम्मीदवार | A | ✓ | ✓ | × | × |
| | B | ✓ | × | ✓ | ✓ |
| | C | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| | D | ✓ | ✓ | — | — |

कथनानुसार, सभी राजनैतिक दलों को C उम्मीदवार स्वीकार्य है
∴ चारों राजनैतिक दलों का आगामी संसदीय चुनाव के लिए संयुक्त उम्मीदवार C होगा

**67. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -**

1. All X-brand cars parked here are white
   यहां पार्क हुई सभी X-ब्रांड कारें सफेद हैं।
2. Some of them have radial tyres.
   उनमें से कुछ के रेडियल टायर हैं।
3. All X-brand cars manufactured after 1986 have radial tyres/1986 के बाद बनी सभी X-ब्रांड कारों में रेडियल टायर लगे हैं।
4. All cars are not X-brand
   सभी कारें X-ब्रांड की नहीं है।

**Which one of the following conclusions can be drawn from the above statements ?**
**उपर्युक्त कथनों के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा एक निष्कर्ष निकाला जा सकता है?**

(a) Only white cars are parked here.
सिर्फ सफेद कारें यहां पर पार्क हैं।
(b) Some white X-brand cars with radial tyres are parked here.
कुछ सफेद X-ब्रांड कारें जिनमें रेडियल टायर लगे हैं यहां पार्क हैं।
(c) Cars other than X-brand cannot have radial tyres.
X-ब्रांड कारों के अतिरिक्त अन्य कारों में रेडियल टायर नहीं लगे हो सकते।
(d) Most of the X-brand cars are manufactured before 1986./अधिकांश X-ब्रांड कारों का उत्पादन 1986 से पहले हुआ है।

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**




अतः कथनों के आधार पर निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि कुछ सफेद X-ब्रांड कारें जिनमें रेडियल टायर लगे हैं यहाँ पार्क है।

**68. Three persons A,B and C wore shirts of black, blue and orange colours (not necessarily in that order) and pants of green, yellow and orange colours (not necessarily in that order). No person wore shirt and pants of the same colour.**
**Further, it is given that**
**तीन व्यक्तियों A, B और C ने काले, नीले तथा नारंगी रंग (अनिवार्यतः इसी क्रम में नहीं) की कमीज तथा हरे, पीले तथा नारंगी रंग (अनिवार्यतः इसी क्रम में नहीं) की पैंट पहनी थी। किसी भी व्यक्ति ने समान रंग की कमीज तथा पैंट नहीं पहनी। पुनश्च दिया गया है कि**

1. A did not wear shirt of black colour
   A ने काले रंग की कमीज नहीं पहनी।
2. B did not wear shirt of blue colour
   B ने नीले रंग की कमीज नहीं पहनी।
3. C did not wear shirt of orange colour
   C ने नारंगी रंग की कमीज नहीं पहनी।
4. A did not wear pants of green colour
   A ने हरे रंग की पैंट नहीं पहनी।
5. B wore pants of orange colour
   B ने नारंगी रंग की पैंट पहनी।

**What were the colours of the pants and shirt worn by C, respectively?**
**C ने क्रमशः कौन-से रंग की पैंट तथा कमीज पहनी थी?**

(a) Orange and black / नारंगी तथा काला
(b) Green and blue / हरा तथा नीला
(c) Yellow and blue / पीला तथा नीला
(d) Yellow and black / पीला तथा काला

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**

| व्यक्ति | पैन्ट | कमीज |
|---|---|---|
| A | पीला | नारंगी |
| B | नारंगी | काला |
| C | हरा | नीला |

अतः C ने हरा पैन्ट तथा नीली कमीज पहनी थी।

## बुनियादी आंकिक क्षमता

**69. Two glasses of equal volume are respectively half and three-fourths filled with milk. They are then filled to the brim by adding water. Their contents are then poured into another vessel. What will be the reatio of milk to water in this vessel.**
**समान आयतन के दो गिलास क्रमशः आधे और तीन-चौथाई दूध से भरे हैं। बाद में उनमें पानी मिलाकर उन्हें लबालब भर दिया जाता है। तत्पश्चात् उनके इस द्रव को दूसरे बर्तन में उड़ेला जाता है। इस बर्तन में दूध का पानी से क्या अनुपात है?**

(a) 1 : 3 (b) 2 : 3 (c) 3 : 2 (d) 5 : 3

**उत्तर : (d)**

**व्याख्या-** माना दोनों बर्तनों में समान आयतन की मात्रा x है

**I**




**II**




दूध $= x \times \frac{1}{2} = \frac{x}{2}$

पानी $= x - \frac{x}{2} = \frac{x}{2}$

दूध $= x \times \frac{3}{4} = \frac{3x}{4}$

पानी $= x - \frac{3x}{4} = \frac{3x}{4} = \frac{x}{4}$

दोनों बर्तनों में दूध और पानी का अनुपात

$$= \frac{\frac{x}{2}+\frac{3x}{4}}{\frac{x}{2}+\frac{x}{4}} = \frac{\frac{2x+3x}{4}}{\frac{2x+x}{4}} = \frac{5x}{3x} = \frac{5}{3}$$

अभीष्ट अनुपात = 5 : 3